रजिस्ट्री सं० डी०—(डी)—73

REGISTERED NO. D-(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 3] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 19, 1980 (पौष 29, 1901)

No. 3] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 19, 1980 (PAUSA 29, 1901)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

विषय-सूची

पृष्ठ

भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . . 69

भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 67

भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पो से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .

भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई, अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 46

भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . . . .

भाग II—खण्ड 2—विधेयक और विधेयक संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें . .

भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (i) —(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिसमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . . 57

भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . . 81

भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश . 17

भाग III—खण्ड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग रेल प्रशासन, उच्च मंत्रालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 585

भाग III—खण्ड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस 23

भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं 7

भाग III—खण्ड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं . . 715

भाग IV—गैर सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस 9

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notification relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	69
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	67
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	47
PART II—SECTION 1.—Act, Ordinances and Regulations.	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committee on Bills	—
PART II.—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	57
PART II—SECTION 3.—SUB.SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	81
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	17
PART III—SECTION 1.—Notification issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	585
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	23
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	7
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	715
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	9

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1979

सं० 6-प्रेज/80—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्त्तव्य परायणता अथवा अदम्य साहस के कार्यों के लिए "सेना मैडल/आर्मी मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं —

1. मेजर दया राम (आई० सी० 11128)
आर्मी आर्डनस कोर

मेजर दयाराम एक गोला-बारूद कम्पनी के कमान अफसर थे। नार्थ सैक्टर में एक स्थान पर आग लग जाने के कारण आर्मड रेजीमेंटों की प्रथम पंक्ति के पूरे गोला-बारूद पर आग लग जाने और फिर विस्फोट होने की संभावना पैदा हो गई थी। मेजर दयाराम को इस क्षेत्र से गोला-बारूद हटाने की जिम्मेवारी सौंपी गई। अपने कुछ सैनिकों को लेकर इन्होंने बड़ी तत्परता से यह काम शुरू कर दिया और बहुत कम समय में ही 136 टन गोला-बारूद साफ बचा लाए। बड़े खतरनाक गोलों फ्यूजों तथा अन्य विस्फोटक सामान को इन्होंने अपने हाथ से उठाना शुरु कर दिया जिससे प्रेरित होकर इनके दल के अन्य सदस्य भी गोला-बारूद हटाने के काम में लग गए। तीन मौके ऐसे हुए कि जब ये बहुत खतरनाक फ्यूजों को तोड़ रहे थे तो विस्फोट होने से आग लग गई थी। इनका जीवन पूरी तरह खतरे में था लेकिन फिर भी ये विचलित नहीं हुए और बहुत अधिक मानसिक और शारीरिक थकान के बावजूद घंटों तक इस काम में जुटे रहे। 7/8 जून, 1977 की रात ये जम्मू तवी और पठानकोट जाने वाली रेल लाइनों से गोला-बारूद हटाने में लगे रहे और सारी रात काम करने के परिणामस्वरूप ही इन रेल लाइनों से विस्फोटक सामान हटाया जा सका और रेल मार्ग खोला जा सका।

इस प्रकार मेजर दयाराम ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय, नेतृत्व, और असाधारण कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

2. मेजर अजेन्द्र प्रकाश (आई० सी० 11055)
आसूचना कोर

मेजर अजेन्द्र प्रकाश मई, 1975 से नागालैंड में एक इंफैंट्री कम्पनी की कमान कर रहे हैं। अपनी व्यवहार कुशलता, पहल-शक्ति और काम के प्रति निष्ठा से इन्होंने नागालैंड में भूमिगत हुए महत्वपुर्ण नागा नेताओं के साथ बड़े उपयोगी सम्बन्ध स्थापित किए और केन्द्र तथा राज्य की एजेंसियों, सिविल प्रशासन के अधिकारियों और साथ ही स्थानीय नेताओं से भी मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध बना लिए। इनके कठिन परिश्रम और सतत प्रयासों से अनेक महत्वपूर्ण नागा नेताओं से आत्मसमर्पण कराने में सहायता मिली जो भूमिगत हो गए थे। भूमिगत हुए तीन व्यक्तियों ने खुद इन्हें आत्मसमर्पण किया था "शिलांग संधि" के बारे में भूमिगत हुए नागा नेताओं के साथ बातचीत करने में सरकारी एजेंसियों को इनकी काफी सहायता मिली।

नागा विद्रोही नेताओं के साथ बड़ी व्यवहार कुशलता से पेश आने और गांवों का जो भी व्यक्ति इनके सम्पर्क में आया उसकी बात बड़ी शांति से सुनने और उसकी सहायता करने के अपने स्वभाव से इन्होंने नागालैंड में सुरक्षा सेना के प्रति जनता की सद्भावना उत्पन्न करने में भी सहायता की। कई ऐसे मौके आए जब इन्हें दुर्गम पहाड़ी मार्गों और खराब मौसम में अकेले ही जाना पड़ा ताकि सीमा पर और दूर-दराज के इलाकों में अपने काम की खुद निगरानी कर सकें और अपने अधीन काम करने वालों तथा अन्य लोगों को उस काम के लिए प्रेरित कर सकें।

इस प्रकार मेजर अजेंद्र प्रकाश ने असाधारण साहस, पहल-शक्ति, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

3. मेजर राजेन्द्र पाल जैरथ (आई० सी० 18791)
इंजीनियर्स

दूसरे विश्व-युद्ध में पोर्ट ब्लेयर में जमा किए गए जापानी बमों को वहां से सफाई से नष्ट करना था। यह काम फरवरी, 1978 में एक बम डिस्पोजल प्लाटून को सौंपा गया जिसकी कमान मेजर राजेन्द्र पाल जैरथ कर रहे थे। इन्होंने अप्रैल, 1978 में यह काम शुरू किया। उस इलाके को बारीकी से तलाशा। बमों तथा उनकी बारीकियों का बड़ी सावधानी से अध्ययन किया। यह काम इस तरीके से किया जाना था कि कोई भयानक बम विस्फोट न हो और उस इलाके में रहने वालों की जानमाल का कोई नुकसान न हो।

मेजर जैरथ ने शुरू से आखिर तक इस काम की देख-रेख खुद की। इन्होंने तय किया कि विस्फोट नियंत्रित किए जाएं ताकि लोगों की जान माल का कोई नुकसान न होने

पाये । सुरक्षा के सभी उपाय कर लेने के बाद एक प्रतिबंधित क्षेत्र में इन्होंने विस्फोट करके उन बमों को नष्ट किया। इसके लिए इन्होंने बड़ी सावधानी से योजना बनाई और पूरी सूझबूझ से काम लिया । परिणामतः बमों के टुकड़े अधिक नहीं फैल पाए और जान-माल की कोई हानि नहीं हुई ।

इस कार्रवाई में मेजर राजेन्द्र पाल जैरथ ने अनुकरणीय साहस, प्रशंसनीय सूझबूझ, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

4. मेजर कंवर रामबीर सिंह तोमर (आई० सी० 21693)
सिख

मेजर कंवर रामबीर सिंह तोमर दक्षिण बनलाइफाई क्षेत्र में असम राइफल्स की एक बटालियन में विंग कमांडर के पद पर कार्य कर रहे थे । 16 जून, 1977 को सूचना मिली कि हथियारों से लैस एक गिरोह ने अन्तरराष्ट्रीय सीमा पार कर ली है। मेजर तोमर तुरन्त अपने सैनिकों को लेकर गए और गिरोह को रास्ते में रोक लिया । बड़ी तत्परता और दृढ़ता से की गई इस कार्रवाई में छः विद्रोहियों को पकड़ लिया गया और काफी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ ।

इस कार्रवाई में मेजर कुंवर रामबीर सिंह तोमर ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

5. मेजर रवीन्द्र शर्मा (एम० आर० 2356)
सेना चिकित्सा कोर

23 अप्रैल, 1977 को दो अफसर जोंगा (जीप) में परतापुर से लेह जा रहे थे । रास्ते में खंडूगल दर्रे के पास भारी हिमपात के कारण इनकी जीप बर्फ में फंस गई । इसकी सूचना मिलने पर क्षेत्रीय मुख्यालय से उसी दिन तीन अफसर और पांच जवान इनके बचाव के लिए भेज दिए गए ।

स्काउट बटालियन के वरिष्ठ चिकित्सा अफसर मेजर रवीन्द्र शर्मा बचाव दल का नेतृत्व कर रहे थे । यह बचाव दल उस इलाके तक तो गाड़ी में गया और उसके बाद बर्फ में फंसे अफसरों तक पैदल ही आगे बढ़े । इस समय तापमान शून्य से काफी कम था और बर्फानी तूफान के कारण कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था । कड़ाके की सर्दी एवं अधिक ऊंचाई के कारण एक अफसर और चार जवान हिम्मत हार गए इसलिए उन्हें वापस भेजना पड़ा । लेकिन मेजर शर्मा ने हिम्मत नहीं हारी और अपने शेष साथियों के साथ वे कमर-कमर तक बर्फ में आगे बढ़ते रहे । सभी मुश्किलों का सामना करते हुए ये लोग अगले दिन सुबह धंसी हुई जीप तक पहुंच गए । इस दल ने धंसी हुई जीप से अफसरों को निकाल लिया । इन दोनों अफसरों और जोंगा के ड्राइवर को पर्वत रोग हो गया था और थकान के कारण ये बहुत सुस्त हो गए थे । बचाव दल विशेषकर उनके नेता का साहस देखकर इन असतरों में भी कुछ स्फूर्ति आई और उन्हें धीरे-धीरे नार्थ पूलू तक ले आया गया ।

इस कार्रवाई में मेजर रवीन्द्र शर्मा ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

6. मेजर मंजीत सिंह (आई० सी० 25966)
मराठा लाईट इंफेंट्री

17 फरवरी, 1978 को माणा में भारी हिमस्खलन हुआ। जाड़ों में संक्रियात्मक कार्य हेतु उस समय वहां एक स्काउट दल तैनात था । हिमस्खलन से बहुत सी इमारतों की नींवें ढह जाने और उनके क्षतिग्रस्त हो जाने से बहुत नुकसान हुआ । हिमस्खलन के दौरान गिरने वाले बड़े-बड़े हिमखंडों और मलबे के बोझ से अचानक एक इमारत ढह गई । इस दुर्घटना के समय इमारत में 7 व्यक्ति थे ।

उपर्युक्त स्काउट कंपनी के कमान अफसर मेजर मंजीत सिंह को एक जोरदार धमाका सुनाई दिया । इस धमाके ने उनके बैरक को हिला दिया । क्षण भर को वे स्तब्ध रह गए । हिमस्खलन से गोला-बारूद और उनकी बैरकों को भी क्षति पहुंची है, यह सुनते ही, कुछ जवानों को इकट्ठा कर, वे दुर्घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े । उनके समक्ष एक ही लक्ष्य था—अपने दल के उन सदस्यों को बचाना जो हिमस्खलन के कारण वहां फंस गए थे। हिमस्खलन जारी था, फिर भी मेजर मंजीत सिंह उस बैरक तक, जहां 7 व्यक्ति दबे पड़े थे, पहुंच ही गए और राहत कार्य में जुट गए । टखने में कुछ चोट आने के बावजूद वे एक घंटे तक इस प्रयास में जुटे रहे और 5 व्यक्तियों को निकालने में सफल हो सके । दो अन्य व्यक्ति स्वयं बाहर निकल आए । मेजर मंजीत सिंह ने जिन पांच व्यक्तियों को निकाला था उनमें एक को ही बचाया जा सका ।

इस कार्रवाई में मेजर मंजीत सिंह ने असाधारण साहस, तत्परता एवं कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

7. मेजर श्याम सुन्दर नरूला (आई० सी० 25088)
पंजाब

अक्तूबर, 1977 के दौरान हरसील और शुगर सैक्टर के बीच गश्त लगाने वाली एक विशेष टुकड़ी का नेतृत्व मेजर श्याम सुन्दर नरूला कर रहे थे । हरसील से शुगर सैक्टर की गश्त लगाते हुए यह टुकड़ी बहुत ऊंचे, खतरनाक और दुर्गम पर्वतों से होकर गुजरी और अक्तूबर में उसी मार्ग से वापस लौटी ।

6 अक्टूबर, 1977 को लमखग दर्रे को पार करते समय सीधी खड़ी चट्टानों पर चढ़ने के लिए इस गश्ती टुकड़ी को अनेक छोटी-छोटी रस्सियों में गांठ बांध कर रस्सी के सहारे दर्रे की चोटी पर पहुंचना पड़ा । नायक मोहन सिंह अंतिम व्यक्ति थे जो रस्सी की सहायता से दर्रे को पार कर रहे थे । अचानक रस्सी की गांठ टूट गई और मोहन सिंह लुढ़कते हुए एक गहरी हिम-दरार में जा गिरे । दल के सभी

सदस्य तो दर्रा पार कर चुके थे इसलिए मोहन सिंह को बचाने वाला उस तरफ कोई न था। दल के नेता मेजर नरूला ने अपने इस साथी को बचाने के लिए दो जवानों को साथ लिया और बर्फ खोदने की कुदाली से बर्फ खोदते हुए और उसमें पैर जमाते हुए नीचे उतरे ।

हिमपात हो रहा था, बर्फानी तूफान जारी था, इस पर भी मेजर नरूला ने दो घंटे के कठिन प्रयास से नायक मोहन सिंह को बचा लिया । वहां नायक मोहन सिंह की प्राथमिक चिकित्सा की गई और फिर उन्हें सुरक्षित दर्रे से पार ले आया गया ।

इस कार्रवाई में मेजर श्याम सुन्दर नरूला ने अनुकरणीय साहस, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

8. कैप्टन अंजन कुमार भट्टाचार्जी (आई० सी० 32015)
लद्दाख स्काउट

अक्टूबर, 1975 से जून, 1977 के दौरान कैप्टन अंजन कुमार भट्टाचार्जी ने एक स्काउट बटालियन में काम किया । उनकी तैनाती बहुत ऊंचाई पर स्थित एक चौकी पर हुई । कड़ाके की सर्दी की परवाह किए बिना उन्होंने सौंपे गए प्रत्येक कार्य को पूरा किया । इन्होंने कराकोरम दर्रे की लगातार चार बार गश्त लगाई । एक गश्त लगभग 180 किलोमीटर की थी । एक बार चौकी पर एक अफसर बीमार पड़ गया और उसे इलाज के लिए 7 दिन तक बाहर नहीं भेजा जा सका । कैप्टन भट्टाचार्जी ने बहुत लगन से उनकी सेवा की। उन्हीं के कारण रुग्ण अफसर और चौकी के अन्य लोगों का हौंसला बना रहा ।

इनके स्टाउट बटालियन में काम करने के दौरान ही, एक बार बटालियन कराकोरम पर्वतमाला की सती कांगड़ी चोटी पर चढ़ी । कैप्टन अंजन कुमार इस पर्वतारोहण अभियान दल के उपनेता थे । अभियान की सफलता के पीछे मुख्य प्रेरक शक्ति यही थे । अभियान के समय दल का एक सदस्य चट्टान से नीचे गिरने के कारण बुरी तरह घायल और बेहोश हो गया । लेकिन कैप्टन अंजन कुमार ने अपनी जान जोखिम में डाल कर उसकी प्राण-रक्षा की।

इस प्रकार कैप्टन अंजन कुमार भट्टाचार्जी ने असाधारण साहस, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

9. कैप्टन सैयद यासीन (आई० सी० 28990)
इंजीनियर्स

पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले में जब बाढ़ आई थी तब इंजीनियर रेजिमेंट के कैप्टन सैयद यासीन को राहत और बचाव कार्य सौंपा गया था। उन्हें सीलाल नदी की बाढ़ की चपेट से घिरे घाटल शहर जाने का आदेश दिया गया । उस शहर को जाने वाली सड़क पर पानी बह रहा था और बहाव भी बहुत तेज था । कैप्टन यासीन ने नाव में आवश्यक सामान भरा और तेज धारा को चीरते हुए शहर की ओर चल दिए । राह में उन्हें पेड़ों पर चढ़े हुए स्त्री-पुरुषों की चिल्लाहटें सुनाई पड़ी । शाम गहरी हो रही थी, कैप्टन और उनका दल थक चुका था । फिर भी नाव का रुख पेड़ों के तनों को पकड़ कर लटके हुए लोगों की ओर मोड़ दिया गया । नाव को एक रस्से की सहायता से पास के पेड़ से बांध दिया गया ताकि नाव गहरे पानी में खड़ी रह सके । फिर जवान, तेज बहते हुए, कंधे तक ऊंचे पानी में चलकर स्त्री-पुरुषों को नाव तक लाए और नजदीक के बैलतला गांव ले गए ।

बैलतला पहुंचते ही कैप्टन यासीन के सामने एक और दिक्कत पेश आई। हुआ यह कि जिस सड़क से वे बैलतला आए थे, वह सड़क पानी में डूब गई थी । इससे उनका और उनके साथियों का संपर्क दूसरी ओर से टूट गया कैप्टन ने समीप के बांध तक और वहां से मुख्य बेस तक जाने का साहसिक निर्णय किया । कंधों तक पानी में, संकरे बांध के साथ-साथ, अंधकार में चलते हुए उनका दल सुरक्षित रूप से बेस तक पहुंच गया । वहां पहुंच कर उन्होंने घाटल क्षेत्र में आई बाढ़ का समाचार भेजा और फिर बिना समय नष्ट किए अपने साथियों के लिए रसद आदि लेकर लौट पड़े । इस अवधि के दौरान उन्होंने न आराम किया, न ही वे सोए । बस राहत कार्य में जुटे रहे । उनके दृढ़ प्रयास से सैकड़ों लोगों की जानें बचायी जा सकीं । उन्होंने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में हवाई जहाज से गिराई गई 27 नावों में भरी सहायता सामग्री भी वितरित की ।

इस प्रकार कैप्टन सैयद यासीन ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

10. कैप्टन जूदे लारेंस क्रूज (एस० एस० 26451)
पैराशूट रेजिमेंट

जुलाई, 1978 में लद्दाख में मुन और कुन पर्वतारोहण अभियान दल में कैप्टन जूदे लारेंस क्रूज को उपनेता चुना गया । अभियान की प्रारम्भिक तैयारी के दौरान ही, टीम का चुनाव, प्रशिक्षण, प्रशासनिक तैयारी, बेस कैम्प की स्थापना आदि में उनका योगदान प्रशंसनीय था । अभियान के दौरान दल के सदस्यों के मध्य जो उत्साह और जोश बनाए रखना जरूरी होता है, उस वातावरण को बनाए रखने में कैप्टन जूदे बहुत कुशल हैं । वे दल को अंतिम कैम्प तक ले गए। जहां अभियान के नेता की अकस्मात् मृत्यु हो गई ।

उसके बाद कैप्टन जूदे ने दल का नेतृत्व संभाला । दल के नेता की अकस्मात् मृत्यु हो जाने के कारण सदस्यों का मनोबल गिर गया था । कैप्टन क्रूज को उनका मनोबल ऊंचा उठाना था जो बड़ा कठिन और नाजुक कार्य था । दूसरे, मृत नेता की देह को 3,400 फुट नीचे प्रशासनिक कैंप में ले जाना था । यह भी बहुत कठिन काम था लेकिन उन्होंने स्वेच्छा से यह काम अपने हाथ में लिया और अकेले ही मृत शरीर को ढो कर नीचे लाए और फिर वापस कैंप लौट आए । उनका यह कार्य देख, दल के सदस्यों में नयी प्राण-शक्ति संचारित हो गई और मार्ग बहुत दुर्गम होने तथा मौसम

खराब होने के बावजूद कैप्टन क्रूज एक ही दिन में दल को कुन शिखर तक पहुंचाने में सफल हो गए—एक अनूठा, अभूतपूर्व कार्य पूरा करने में सफल हो गए।

इस प्रकार कैप्टन जूदे लारेंस क्रुज ने अनुकरणीय, साहस, दृढ़ निश्चय, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

11. सैकिन्ड लैफ्टिनेंट सुनील चौपड़ा (आई० सी० 43538) । मद्रास

22 अप्रैल, 1978 को एक जवान अग्रिम चौकी पर डाक देने के बाद लौटते समय हिमस्खलन के साथ फिसल गया था। इसकी सूचना मिलने पर सैकिन्ड लैफ्टिनेंट सुनील चौपड़ा 15 जवानों के एक दल के साथ दुर्घटनास्थल की ओर चल पड़े । दुर्घटनास्थल पर पहुंचने पर जब वह लापता जवान नहीं दिखाई दिया तो सैकिन्ड लैफ्टिनेंट चौपड़ा तथा एक और जवान रस्सियों की सहायता से खड़ी चट्टान से नीचे उतरे। एक बार तो वह स्वयं भी गिर पड़े थे और ढाल के साथ-साथ नीचे लुढ़कने लगे थे लेकिन तभी साथी जवानों ने रस्सियों की सहायता से इनको वापस खींच लिया । इससे वे भयभीत नहीं हुए और साहस के साथ फिर आगे बढ़े लेकिन उक्त जवान के शरीर का कहीं नामो-निशान नहीं दिखाई दिया और बढ़ते हुए अंधेरे के कारण उस दिन खोज का काम रोक देना पड़ा ।

अगले दिन बड़े सवेरे ये उस जवान की खोज में अपने जवानों को लेकर पुनः चल पड़े । रस्सियों की सहायता से इनका दल कच्ची चट्टानों के ढलानों से नीचे उतरा और करीब 6 घंटे की खोज के बाद उस जवान के शव को ढूंढ पाए । चूंकि इन ढलानों से शव को ऊपर ले जाना संभव नहीं था अतः यह तय किया गया कि उक्त जवान के शव को सतलुज नदी पार करके लाया जाए । सतलुज नदी में उस समय बाढ़ आई हुई थी । इन्होंने किसी प्रकार से रस्सी को नदी के उस पार पहुंचाया और उसके बाद उस रस्सी की मदद से इनका सारा दल, उक्त जवान के शव सहित, नदी पार कर सका ।

इस प्रकार सैकिंड लैफ्टिनेंट सुनील चौपड़ा ने असाधारण साहस, दृढ़ निश्चय, नेतृत्व और कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

12. (जे० सी०-34194) सूबेदार मेजर मथुरा प्रसाद इंजीनियर्स

सूबेदार मेजर मथुरा प्रसाद व्यास सतलुज लिंग परियोजना में जुलाई, 1976 में प्रतिनियुक्ति पर गए थे । वहां इन्हें एक दुर्गम मार्ग के साथ-साथ देहर पावर प्लांट के लोहे के पैनस्टाकों को लगाने और उन्हें जोड़ने का काम सौंपा गया था । ऐसे दुर्गम भूभागों में काम की प्रगति बराबर बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है कि वहां काम करने वाले लोगों में विशेष कौशल और विशेष उत्साह हो । इस काम में सूबेदार मेजर मथुरा प्रसाद शुरू से अन्त तक उल्लेखनीय प्रगति करते और वास्तव में इसे पूरा करने का श्रेय उन्हीं को जाता है । इसकी वजह से ही व्यास और सतलुज नदियों के बीच लंबी जल संवाहक प्रणाली को जोड़ने तथा चालू करना संभव हो सका।

इस प्रकार सूबेदार मेजर मथुरा प्रसाद ने असाधारण साहस, दृढ़ निश्चय, व्यावसायिक कौशल तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

13. (जे० सी०-66197) सूबेदार विशंभर सिंह जाट राइफल्स

सूबेदार विशंभर सिंह उत्तरी क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के समीप एक एकाकी चौकी की कमान संभाले हुए थे । पाकिस्तानी अग्रिम प्रतिरक्षा पंक्ति इस चौकी पर पूरी तरह से हावी थी ।

इन सब कठिनाइयों के बावजूद सूबेदार विशंभर सिंह नियमित रूप से इस क्षेत्र में गश्त लगाते रहे और अपने दल के अन्य जवानों का नेतृत्व करते रहे जिससे हमारे देश की सीमा में घुसपैठियों की घेसपैठ रुक गई । इन्होंने उस क्षेत्र के स्थानीय लोगों का सद्भाव तथा विश्वास प्राप्त किया, जो निःसंदेह लाभकारी सिद्ध हुआ । इन्होंने जिस कुशलता व निर्भीकता से काम किया उससे नियंत्रण रेखा के उल्लंघन की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी हुई ।

इस प्रकार सूबेदार विशंभर सिंह ने अदम्य साहस, पहल शक्ति, दृढ़ निश्चय तथा उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

14. (जे० सी०-48993) सूबेदार रमाशंकर तिवारी महार

3 अगस्त, 1978 को सतलुज नदी का पानी अपने किनारों को तोड़कर लुधियाना जिले की ओर बहने लगा जिसकी वजह से वहां बहुत बड़े क्षेत्र में बाढ़ से तबाही मच गई । महार रेजिमेंट की एक यूनिट बाढ़ के पानी से घिरे गांवों के असहाय लोगों को तत्काल निकालने के लिए बुलाई गई । यूनिट की नाव का संचालन यूनिट के कमान अफसर कर रहे थे और सूबेदार रमाशंकर तिवारी भी उनके साथ नाव में थे ।

नाव के संचालन पानी के साथ-साथ बहुत मलबा बहने के कारण कठिन हो गया था। आउट-बोर्ड मोटर के प्रणोदक (प्रापलर) मलबे से टकराने के कारण क्षतिग्रस्त हो गए थे और पानी की तेज धारा के साथ नाव भी बहने लगी थी। जिन लोगों को बाढ़ की चपेट से बचाकर लाया गया था वे भी नाव में सवार थे । इस विकट स्थिति में सूबेदार रमाशंकर तिवारी अपनी स्वयं की सुरक्षा की परवाह न करते हुए, पानी में कूद पड़े और एक रस्सी की सहायता से नाव को खींच कर सुरक्षित स्थान पर लाने में सफल हो गए।

इस प्रकार सूबेदार रमाशंकर तिवारी ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय, पहल शक्ति और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

15. (जे० सी०-66476) नायब सूबेदार किशन पाल सिंह
सेना आर्डनेंस कोर

जून, 1977 में उत्तरी क्षेत्र में गोला-बारूद के एक स्थान पर आग लग गई थी और उसमें विस्फोट हो रहे थे। इस क्षेत्र से गोला-बारूद हटाने के लिए एक अफसर के साथ नायब सूबेदार किशन पाल सिंह को भी लगाया गया था।

इन्होंने खतरनाक गोला-बारूद को अपने हाथों से उठाया और पास के ऐसे स्थान पर ले गए जहां इसको नष्ट किया जा सके। अपने जीवन को भारी खतरे में डालकर इन्होंने बहुत अधिक शारीरिक परिश्रम और मानसिक तनाव के अधीन कई घंटों तक लगातार कार्य किया और इस तरह न केवल उक्त स्थान से रिकार्ड समय में गोला-बारूद हटाने में सहायता की बल्कि कई लाख रुपए मूल्य का गोला-बारूद बचाया भी जा सका।

इस प्रकार नायब सूबेदार किशन पाल सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

16. (जे० सी०-75907) नायब सूबेदार मनोहर जोशी
कुमाऊं

"सागर से आकाश" अभियान के दौरान सर एडमंड हिलैरी, नर पर्वत की चोटी पर चढ़ते समय बीमार हो गए थे। उन्हें वहां से सुरक्षित निकालने का काम माणा पर तैनात एक स्काउट बटालियन को सौंपा गया था। 14 अक्तूबर, 1977 को नायब सूबेदार मनोहर जोशी को सर एडमंड हिलैरी को बचाने के लिए आवश्यक प्रथम उपचार के सामान के साथ भेजा गया। प्रथम उपचार के सामान में दो आक्सीजन गैस के सिलिंडर, दो स्ट्रेचर, धुंआ छोड़ने वाली मोमबत्तियां और वायरलैस सैट थे। यह काम अत्यंत ही कठिन था। उन्हें माणा से पर्वत की 17,800 फुट की ऊंचाई पर चढ़ना था जहां सर हिलैरी बीमार पड़े थे। 15 अक्तूबर, 1977 को ये माणा से चल पड़े। इन्होंने पहाड़ी पर सीधे चढ़ना आरम्भ किया और मार्ग में खड़ी चट्टानों, कच्चे शिलाखण्डों और हिम नदियों को पार किया। ये उसी दिन सर हिलैरी के पास पहुंच गये और उनका प्रथम उपचार शुरू कर दिया इसके बाद इन्होंने बर्फ को खोदकर हैलीकाप्टर के उतरने के लिए सुरक्षित हैलीपैड बनाया। इन्होंने धुएं के संकेत से वायु सेना के हैलीकाप्टर को सुरक्षित हैलीपैड पर उतरने के लिए उसका मार्ग निर्देशन किया और इस प्रकार सर हिलैरी को वहां से सफलतापूर्वक सुरक्षित निकालने में सहायता की।

इस प्रकार नायब सूबेदार मनोहर जोशी ने असाधारण नेतृत्व, अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

17. (जे० सी०-78430) नायब सूबदार करनैल सिंह
आर्टीलरी

29/30 मई 1977 की रात रोवटा और अदल गिरी के बीच की जगह पर 13 अप-तेजपुर एक्सप्रेस रेलगाड़ी बेकी नदी में गिर गई थी। बचाव कार्य के लिए सेना की एक टुकड़ी भेजी गई जिसमें नायब सूबेदार करनैल सिंह कार्य-भारी जूनियर कमीशन अफसर थे। नदी की बीच धारा में लटकते हुए एक डिब्बे से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने का काम इन्हें सौंपा गया। इन्होंने उस डिब्बे से रस्सी बांधी और अपने जीवन की परवाह किए बिना उस रस्सी के सहारे खुद उस डिब्बे में गए। लोग जान बचाने के लिए चिल्ला रहे थे। इन्होंने एक-एक कर 20 यात्रियों को रस्सी के सहारे बाहर निकाला। इन यात्रियों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार करनल सिंह ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

18. (जे० सी०-85996) नायब सूबेदार फिलिप मणिक राज
इंजीनियर्स

पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले में, अक्तूबर, 1978 में आई बाढ़ में राहत और बचाव कार्य के लिए सेना की एक टुकड़ी भेजी गई जिसके कार्यभारी अफसर नायब सूबेदार फिलिप मणिक राज थे। अपने साथियों के साथ इन्होंने पूरे महीने भर लगातार बचाव और राहत कार्य किया और विपरीत परिस्थियां होने पर भी 4200 लोगों को बचाया और 3000 लोगों तक राशन पहुंचाया। 10 अक्तूबर, 1978 को जब ये ढोलागढ़ में बचाव कार्य में लग हुए थे तो इन्होंने देखा कि एक औरत अपनी दो लड़कियों के साथ घुटने तक पानी में चल रही है। ये लोग आगे बढ़ ही रहे थे कि इनमें से एक लड़की अचानक नहर में बहने लगी। नहर साथ-साथ बह रही थी जिसका इनको पता नहीं था। आस पास कोई नाव भी नहीं थी। स्थिति को समझते ही नायब सूबेदार मणिक राज पानी में कूद पड़े और नहर की तेज धारा में बहती हुई लड़की को बाहर निकाल लाए। लड़की का प्रथम उपचार करने के बाद उसे अस्पताल भिजवाया।

इस प्रकार नायब सूबेदार फिलिप मणिक राज ने अनुकरणीय साहस पहलशक्ति, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

19. (1170959) बैरक हवलदार मेजर वडके विला नारायण सदानन्दन
आर्टिलरी

झझर को बाढ़ से बचाने के लिए नाला नं० 8 के साथ बना बांध 9 अगस्त, 1977 को गांव के लोगों ने काट दिया था जिसका उद्देश्य गांवों की तरफ पानी का बहाव कम करना था। बांध कटने से पानी तेजी से झझर की ओर बढ़ने लगा और उसे शहर को गम्भीर खतरा पैदा हो गया। पास के इलाके में सेना की आर्टिलरी रेजीमेंट थी जिसे बांध का कटाव रोकने के लिए तुरन्त भेज दिया गया। बैरक हवलदार मेजर वडकेविला नारायण सदानन्दन ने अपने

कुछ जवानों के साथ बांध के एक ओर की दरार भरने का काम सम्भाला। बड़ी तेजी के बह रहे पानी के साथ संघर्ष करते हुए इन्होंने लकड़ी का एक बाड़ा खड़ा किया और उसके साथ-साथ रेत के बोरे डाल दिए जिससे बांध का कटाव रुक गया इसके बाद पानी की तेज धार में बहने से बचने के लिए अपने को रस्सों से बांध कर इन्होंने नाले की तह में लकड़ी के लम्बे लम्बे गाड़ने शुरू कर दिए और उस तेज बहाव में तब तक कम काम करते रहे जब तक बाड़ा बन-कर तैयार नहीं हुआ। इसके साथ ही इन्होंने अपने साथियों से खास-खास जगहों पर बाड़े के साथ साथ रेत के बोरे डलवा दिये। बांध का कटाव पूरी तरह भरने तक लगातार काम में जुटे रह कर इन्होंने साथियों को भी पूरे जोरों से काम करने के लिए प्रेरित किया और झझर को बाढ़ के प्रकोप से बचा लिया।

इस कार्रवाई में बैरक हवलदार मेजर वडकेविला नारायण सदानन्दन ने अनुकरणीय साहस, दृढ़निश्चय, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

20. (2851760) हवलदार गंगा सिंह
राजपूताना राइफल्स

6 अगस्त, 1977 की रात एक एजेंट नियंत्रण रेखा पार करके हमारे इलाके में घुस आने वाला था। इसके पकड़ने के लिए एक गश्ती दल भेजा गया जिसके दूसरे कमान अफसर हवलदार गंगासिंह थे। पूंछ सक्टर की एक चौकी से यह दल उसी रात टोह में निकल पड़ा और और छिप कर उबड़-खाबड़ मार्ग से होते हुए इसने नाले के पार, जिसमें बाढ़ आई हुई थी, घात लगाई। कुछ देर बाद इन्होंने देखा कि एक व्यक्ति नियंत्रण रेखा पार करके आ रहा है। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न कर हवलदार गंगा-सिंह तत्काल आगे बढ़े और उस घुसपैठिये को दबोच लिया। घुसपैठिये ने बच निकलने के प्रयास में इन्हें एक लाठी मारी जिससे इनकी अंगुली की हड्डी टूट गई और वह नाले में कूद गया। चोट लगने के बावजूद हवलदार गंगासिंह ने उसका पीछा किया और उस पर काबू पा लिया।

इस कार्रवाई में हवलदार गंगासिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

21. (1177892) लांस हवलदार राम सिंह
आर्टीलरी

29/30 मई, 1977 की रात 13 अप-तेजपुर एक्सप्रेस रेलगाड़ी ऊदलगिरी रेलवे स्टेशन के पास बेकी नदी में गिर गई थी। नदी में डूबे हुए यात्रियों तथा उनके सामान की खोज और बचाव कार्य के लिए लांस हवलदार राम सिंह के नेतृत्व में एक सैनिक टुकड़ी भेजी गई। तब लगातार मूसला-धार वर्षा हो रही थी और बेकी नदी में भारी बाढ़ आई हुई थी। इन्होंने अपने जीवन को संकट में डालकर एक घायल यात्री को बाहर निकाला। इसके अलावा इन्होंने तीन लाशें, बहुत बड़ी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद, उपस्कर तथा यात्रियों का सामान भी नदी से बाहर निकाला।

इस कार्रवाई में लांस हवलदार रामसिंह ने अदम्य साहस, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

22. (1521862) नायक अजायब सिंह
इंजीनियर्स

असम के सिब सागर जिले में 2 सितम्बर, 1977 को बहुलिया, खानगांव और डीमी इलाके में अन्य गांव पूरी तरह बाढ़ के पानी में डूब गए थे। डिब्रूगढ़ की इंजीनियर रेजीमेंट की एक टुकड़ी इन गांवों में बाढ़ से घिरे लोगों को बचाने के लिए भेजी गई थी।

यह टुकड़ी जब एक नाव में आगे बढ़ रही थी तो एक गांव की ओर से कुछ चिल्लाहट सुनाई दी। बाढ़ में डूबे एक गांव के ऊंचे टीले में लगभग 35 औरतों और बच्चों ने शरण ली हुई थी। ये लोग बड़े भयभीत से वहां खड़े थे। टीले के पास काफी कीचड़ और झाड़ियां थीं जिससे नाव टीले से 30 फुट की दूरी तक ही जा सकती थी। बाढ़ का पानी तेजी से बह रहा था और नाव को वहां रोकना कठिन था। नायक अजायब सिंह अपने तीन अन्य साथियों के साथ नाव में उतरे और चार फुट गहरे पानी में खड़े हो कर उन्होंने नाव रोकी। लेकिन औरतें और बच्चे इतने गहरे पानी से होकर नाव में आने से डरने लगे। इस पर नायक अजायब सिंह खुद टीले पर गए और उन्हें अपने कन्धे पर बिठाकर नाव में चढ़ाया। इस प्रकार उन्होंने सभी औरतों और बच्चों को बचा लिया।

इस तरह नायक अजायब सिंह ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

23. (1440165) नायक मोहिन्दर सिंह
इंजीनियर्स

अगस्त, 1978 में सतलुज नदी के आस-पास के इलाकों में भारी वर्षा होने के कारण इसमें बाढ़ आ गई थी। फिरोजपुर का काफी बड़ा इलाका पानी में डूब गया था और वहां भारी तबाही हो गई थी। बाढ़ से घिरे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए 5 अगस्त, 1978 को सेना की सहायता मांगी गई।

जोरा सब-डिवीजन में भाखू इलाके में राहत कार्य के लिए भेजी गई इंजीनियर टुकड़ी में नायक मोहिन्दर सिंह भी थे। इन्हें एक नाव का इंचार्ज बनाया गया था और ये आउटबोट मोटर भी चला रहे थे। एक बार बाढ़ से घिरे लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाते हुए इनकी नाव की मोटर तीन बार खराब हो गई। लेकिन इन्होंने बड़ी होशियारी से काम लिया और लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में सफल हुए। पलानवाला इलाके में राहत कार्य करते हुए एक सेपर की मृत्यु हो गई। इस पर नायक मोहिन्दर सिंह को इस इलाके में सहायता करने के लिए बुलाया गया और इन्होंने सहर्ष इस काम को स्वीकार कर लिया।

इनके अथक परिश्रम और साहस की लोगों ने तथा स्थानीय प्रशासन ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस प्रकार नायक मोहिन्दर सिंह ने अनुकरणीय साहस, पहल शक्ति, व्यावसायिक कुशलता और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

24. (1177739) नायक ललित बहादुर
आर्टीलरी

29/30 मई, 1977 की रात 13 अप-तेजपुर एक्सप्रेस रेलगाड़ी ऊदलगिरी रेलवे स्टेशन के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस दुर्घटना में बचे हुए लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने और अन्य लोगों की खोज करने के लिए सेना की एक टुकड़ी भेजी गई जिसके कार्यभारी अफसर नायक ललित बहादुर थे। भारी वर्षा के कारण बेकी नदी के पानी से सारा इलाका जलमग्न हो गया था और कहीं-कहीं कंधों तक पानी था। वर्षा अभी भी मूसलाधार बरस रही थी। इन परिस्थितियों में नायक ललित बहादुर ने अपने दल को बचाव कार्य में लगाया और आंशिक रूप से पानी में डूबे हुए एक डिब्बे में 5 यात्रियों को, जिन्हें चोटें लगी हुई थीं, बचाकर बाहर निकाल लाए। इसके अलावा जीवित अथवा मृत व्यक्तियों, हथियारों, अन्य सामान आदि ढूंढने के लिए इन्होंने काफी बड़े इलाके की खोज-बीन की और चार यात्रियों के शव तथा अनेक छोटे हथियार, गोला-बारूद तथा उपस्करों को उस इलाके से निकाल कर लाए।

इस कार्रवाई में नायक ललित बहादुर ने अनुकरणीय साहस, नेतृत्व, और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

25. (1326803) लांस नायक राम चन्द्रन
इंजीनियर्स

लांस नायक राम चन्द्रन तिरहुत क्षेत्र के रक्षित खण्ड में मार्ग निर्माण दल के सैक्शन सेकिंड-इन-कमान थे। 1 जून, 1978 को जब मार्ग निर्माण कार्य चल रहा था, एक टन का एक ट्रक खाई में लुढ़कने लगा। लांस नायक रामचन्द्रन अपने अन्य दो साथियों के साथ ट्रक में कूद कर उसे रोकने की कोशिश करने लगे। इस दौरान यह महसूस किया गया कि जहां ट्रक को रोक पाना असम्भव है वहां तीनों सैनिकों की जान खतरे में पड़ सकती है। इन्होंने अपने दोनों साथियों को तुरन्त गाड़ी से बाहर धकेल कर उनकी जान बचा ली। उन्हें बाहर निकालने की खातिर ये खुद गाड़ी के अन्दर ही रह गए। इस कार्रवाई के दौरान उनकी दाईं टांग गाड़ी तथा मिट्टी के पुश्ते के बीच फंस कर जख्मी हो गई तथा बाद में उसे काटना पड़ा। अन्य दोनों सैनिकों को कोई चोट नहीं आई। लांस नायक रामचन्द्रन की इस कुर्बानी के फलस्वरूप ही उनके दोनों साथियों की जान बच गई।

इस कार्रवाई में लांस नायक रामचन्द्रन ने अनुकरणीय साहस, पहल शक्ति, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

26. (6311955) लांस नायक धन सिंह
सिगनल्स

लेह तथा सैक्टर मुख्यालय के बीच की संचार व्यवस्था पैदल-पथ के साथ-साथ बनी है। 1977-78 में इतनी कड़ाके की सर्दी पड़ी कि इस क्षेत्र में दस से पन्द्रह फुट बर्फ एकत्र हो गई और संचार व्यवस्था टूट गई। लाइन ठीक करने का काम जिस टुकड़ी को सौंपा गया वह दीगर से 8 किलोमीटर से आगे न जा सकी। लांस नायक धन सिंह को, जो सीबू में इस टुकड़ी के गैर-कमीशन अफसर इंचार्ज थे, इस लाइन की खराबी ठीक करने का आदेश मिला। ये 8 अप्रैल, 1978 को अपने साथियों के साथ दिगारला की ओर चल पड़े। इन्होंने देखा कि 200 मीटर लम्बी लाइन हिम-स्खलन के कारण टूट गई है। लांस नायक धन सिंह और इनके साथियों ने टूटी हुई केबलों को प्रयोग में लाकर दो दिन लगातार काम करने के बाद वह लाइन पूरी तरह से ठीक कर दी। गहरे बर्फ से घिरे उस खतरनाक इलाके में निरन्तर काम करते रहने के फलस्वरूप ही यह प्रशंसनीय उपलब्धि प्राप्त की जा सकी।

इस प्रकार लांस नायक धन सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

27. (405/792) राइफलमैन रघुबीर सिंह बुटोला
(मरणोपरान्त)
गढ़वाल राइफल्स

राइफलमैन रघुबीर सिंह बुटोला अगस्त, 1977 में स्काउट बटालियन के एक विशेष गश्ती दल के सदस्य थे। जम्मू कश्मीर में हरसिल से माणा तक के क्षेत्र की गश्त की जिम्मेवारी इस दल पर थी। इस गश्ती दल को बर्फ से ढकी खड़ी चट्टानों, खतरनाक हिम-नदियों और बर्फ की दीवारों से हो कर गुजरना पड़ता था। राइफलमैन बुटोला अपने गश्ती दल की सहायक पंक्ति के संचालक थे। जब यह दल एक खतरनाक ढलान पार कर रहा था तभी एक जवान बीमार पड़ गया और वह आगे न चल सका। उस बीमार साथी की मदद करने के उद्देश्य से राइफलमैन बुटोला अपने सामान के अलावा उसका सामान भी ढोकर ले गए।

9 अगस्त, 1977 को जब यह गश्ती दल एक सीधी खड़ी चट्टान को पार कर रहा था तो चट्टान से टूट कर लुढ़कता हुआ एक पत्थर इस गश्ती दल के एक सदस्य के सिर पर आ लगा। वह व्यक्ति अपना संतुलन खो बैठा और एक खाई में गिर गया। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर राइफलमैन बुटोला उसी समय कूद पड़े और उन्होंने अपने उस जख्मी साथी को पकड़ लिया। उन्होंने उसे अपने कंधों पर उठाया और वापस चढ़ने लगे। इस कार्रवाई के दौरान वे पूरी तरह से थक चूके थे। अपने साथी को सुरक्षित स्थान पर लाने के बाद वे दिल का दौरा पड़ने के कारण गिर पड़े। उनमें प्राण फूकने के सारे प्रयत्न असफल रहे और उनकी मृत्यु हो गई।

28. (2570013) सिपाही नवालुरु वेंकटेश्वरलु
मद्रास

2 अप्रैल, 1978 को एक सैनिक, पश्चिम सैक्टर की एक अग्रिम चौकी से डाक दे कर जब वापस आ रहा था तो एक हिम खण्ड उसे ढलान की ओर लुढ़का ले गया। यह सूचना मिलने पर इन्फैंट्री के जवानों का एक दल जिसका नेतृत्व सेकिण्ड लेटिफ्नेंट सुनील चौपड़ा कर रहे थे, उस जवान को खोजने के लिए तैनात किया गया। सिपाही नवालुरु वेंकटेश्वरलु इस खोज-दल के सदस्य थे।

उस खोए हुए सिपाही का शरीर दर्घटना स्थल से दिखाई नहीं दे रहा था इसलिए सिपाही नवालुरु वेंकटेश्वर और सेकिंड लेफ्टिनेंट चौपड़ा उसे खोजने के लिए फिसलन भरी ऊंची चट्टान से रस्सियों के सहारे नीचे उतरे। एक बार सेकिंड लेफ्टिनेंट चौपड़ा फिसल कर ढलान की ओर लुढ़कने लगे परन्तु तभी चुस्त और सतर्क सिपाही वेंकटेश्वरलु सावधान हो गए और इन्होंने उस अफसर को रस्सी के सहारे ऊपर खींच लिया। बढ़ते हुए अंधेरे की वजह से खोज-कार्य स्थगित कर दिया गया और वह दल वापस आ गया।

दूसरे दिन सुबह वह खोजी-दल फिर खतरनाक ढलानों में गया और छः घंटे तक लगातार खोजने के बाद उसे खोए हुए जवान का मृत शरीर मिल गया। स्थिति का जायजा लेने पर शव को उन ढलानों से होते हुए ऊपर लाना सम्भव नहीं पाया गया। अब एकमात्र विकल्प यही था कि सतलुज नदी जिसमें भारी बाढ़ आई हुई थी, को पार करके वापस जाया जाए। नदी के दूसर तरफ रस्सा डालने का निर्णय किया गया। सिपाही वेंकटेश्वरलु ने अपनी जान जोखिम में डाल कर नदी के उस पार रस्सा डाला जिसकी सहायता से यह दल लाश को लेकर चौकी पहुंच गया।

इस प्रकार सिपाही नवालुरु वेंकटेश्वरलु ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

29. (2967525) सिपाही सुखपाल सिंह
राजपूत

सिपाही सुखपाल सिंह 1978 में कैप्टन आर० एन० भट्टाचार्जी के नेतृत्व में उत्तरी क्षेत्र में दूर तक गश्त करने वाले एक गश्ती दल के सदस्य थे। 25 मई, 78 को भारी वर्षा हो रही थी। यह गश्ती दल एक नाले को, जिसमें बाढ़ आई हुई थी, रस्से की सहायता से पार कर रहा था। पहले कैप्टन भट्टाचार्जी ने नाले को लांघना शुरु किया और जैसे ही वे नाले के मध्य में पहुंचे, पानी के अचानक प्रवाह से इनका संतुलन बिगड़ गया और वे नाले में बह गये। सिपाही सुखपाल सिंह, जो गश्त दल के साथ रेडियो आप-रेटर थे, कुछ ही दूरी पर खड़े हुए थे। इन्होंने तुरन्त रेडियो सेट को जमीन पर रखा और अपनी जान की परवाह किए बिना, जहां से कैप्टन भट्टाचार्जी फिसले थे, वहां से 10 गज की दूरी से, एक दम नाले में कूद पड़े। इन्होंने तुरन्त अफसर को पकड़ लिया और तीव्र प्रवाह के बावजूद उन्हें बचा लिया।

इस कार्रवाई में सिपाही सुखपाल सिंह ने अनुकरणीय साहस, सूझबूझ तथा असाधारण कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

30. (9079897) राइफलमैन सादिक अहमद
जाक लाइट इन्फैन्ट्री

23 मार्च, 1978 को चार सिविलियन कुली जम्मू और कश्मीर में नास्ताछुन दर्रे के समीप प्रशासनिक काम पर थे कि अचानक हिमस्खलन हुआ और वे फिसल गए। उन्हें बचाने के लिए सैनिकों का एक दल भेजा गया जिसमें राइफलमैन सादिक अहमद भी थे। लेकिन यह दल भी रास्ते में हिमस्खलन में फंस गया। कुछ देर बाद यह दल सिविलियन कुलियों की खोज और बचाव के लिए फिर चल दिया।

राइफलमैन सादिक अहमद दुर्घटना स्थल पर सबसे पहले पहुंचे और गले तक बर्फ में फंसे हुए दो कुलियों को बाहर निकाल दिया। एक कुली को बेहोशी की हालत में स्वयं उठा कर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। उस स्थान पर लगा-तार हो रहा हिमस्खलन और भारी बर्फानी तूफान भी इन्हें अपनी राह से नहीं डिगा सका।

इस प्रकार राइफलमैन सादिक अहमद ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

31. (13931225) सिपाही पचकोरी पासवान
आर्मी मेडिकल कोर

सिपाही पचकोरी पासवान 30 मई, 1977 को असम में कालीबाड़ी के निकट हुई रेल-दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए भेजे गये चिकित्सा सहायता दल के सदस्य थे। इन्हें एडजुटेंट ने आदेश दिया कि एक स्ट्रेचर स्क्वाड्रन बनाया जाए और दुर्घटना स्थल तक उनके साथ चलें। इन्होंने स्ट्रेचर स्क्वाड्रन बनाया और बांस से बने बाड़े पर नदी पार कर एडजुटेंट के साथ चल दिए। पानी कंधों तक गहरा था और उसमें बहाव भी तेज था। इस पर इन्होंने घायलों को अपने सिर पर ढोया और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

इस कार्रवाई में सिपाही पचकोरी पासवान ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और असाधारण कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

32. (14219669) सिगनलमैन दिनेश चन्द्र व्यास
सिगनल्स

8 मार्च, 1978 को अरुणाचल प्रदेश में मसीमपुर छावनी के पास एक गांव में आग लग गई थी। जिन घरों में आग लगी हुई थी उनमें से एक के अन्दर 9 वर्ष का बच्चा फंस गया था। घटना स्थल पर एकत्रित हुई भीड़ में इस

बच्चे के मां-बाप भी मौजूद थे, पर किसी में भी अपनी जान को जोखिम में डाल कर बच्चे को बचा कर लाने की हिम्मत नहीं थी। सिगनलमैन दिनेश चन्द्र व्यास, बचाव कार्य के लिए दुर्घटना स्थल पर भेजे गए सैनिक बचाव दल के सदस्य थे। स्थिति की गम्भीरता को पूरी तरह समझते हुए, ये घर में घुस पड़े और पूरा घर अग्नि से ढह जाने से पूर्व ही बच्चे को निकाल कर ले आये। इसमें सिगनलमन व्यास का शरीर आग से बुरी तरह झुलस गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

